संख्या:257/2016/1010/35-4-2016

प्रेषक,

अबरार अहमद,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
कानपुर नगर।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक:04 जुलाई,2016

विषय: त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्य को निरस्त करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-392/1CAEI दिनांक 23 फरवरी,2016 के अनुक्रम में अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निर्देश हुआ है कि शासनादेश सं0-168/2015/489/35-4-2015 दिनॉक 29 मार्च,2015 के द्वारा जनपद कानपुर नगर में 06 कार्यों की रू. 91.40 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में रू. 45.70 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। उक्त शासनादेश से स्वीकृत 06 कार्यो में से निम्नांकित 02 कार्य नगर निगम द्वारा निर्मित किये जाने के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने तथा कार्यों के लिये अवमुक्त धनराशि रू. 8.56 लाख को राजकोष के सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(लाख रू. में)

	कार्य	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
1	कानपुर नगर में कैलाशनगर में मालती देवी म0न0 112 कार्नर से मोना बाजपेयी म0न0 101 के घर तक सम्पर्क मार्ग का कार्य	8.56	4.28
2	कानपुर नगर में कैलाशनगर में राठौर जी म0न0 7(मन्दिर वाली गली) से कुल बहादुर थाना म0न0 11 के घर तक सम्पर्क मार्ग का कार्य	8.56	4.28
	योग योग	**17.12**	**8.56**

2- कार्यदायी संस्था द्वारा प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त धनराशि पर यदि ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे भी राजकोष में जमा कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय,

(अबरार अहमद)
विशेष सचिव

http://srasanadesh.up.nic.in

संख्या:257/2016/1010/35-4-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, इलाहाबाद।
3- प्रमुख सचिव, वित्त।
4- प्रमुख सचिव , लोक निर्माण विभाग।
5- निजी सचिव, मा.मुख्य मंत्री जी ।
6- मण्डलायुक्त, कानपुर।
7- मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
8- प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
10-गार्ड फाईल।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12-राज्य योजना आयोग-1
13-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कानपुर नगर।

आज्ञा से ,

(अबरार अहमद)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in